भागीरथी बाल शिक्षा सदन सेकेन्डरी स्कूल 2020-21

विषय = संस्कृत

कक्षा = VIII

गृहकार्य - वर्कशीट - 1

# उच्चारण - स्थानानि

वर्णों का उच्चारण करते समय जिह्वा या ऊष्मा (वायु) मुख के जिन भागों का स्पर्श करती है या मुख के जिन स्थानों के प्रयोग से वर्णों का उच्चारण होता है, वे वर्णों के उच्चारण स्थान कहलाते हैं।

## तालिका

| वर्ण | उच्चारण स्थान | वर्णों के नाम |
|---|---|---|
| 1. अ, आ, क्, ख्, ग्, घ्, ङ्, ह् विसर्ग | कण्ठ | कण्ठ्य |
| 2. इ, ई, च्, छ्, ज्, झ्, ञ्, य्, श् | तालु | तालव्य |
| 3. ऋ, ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण्, र्, ष् | मूर्धा | मूर्धन्य |
| 4. ऌ, त्, थ्, द्, ध्, न्, ल्, स् | दन्त | दन्त्य |
| 5. उ, ऊ, प्, फ्, ब्, भ्, म् | ओष्ठ | ओष्ठ्य |
| 6. ङ्, ञ्, ण्, न्, म् | नासिका + कण्ठादि | नासिक्य |
| 7. ए, ऐ | कण्ठतालु | कण्ठतालव्य |
| 8. ओ, औ | कण्ठोष्ठ | कण्ठोष्ठ्य |
| 9. व | दन्तोष्ठ | दन्तोष्ठ्य |
| 10. अनुस्वार | नासिका | नासिक्य |

**प्रश्न**

1. तालव्य वर्ण कौन - कौन से हैं?
2. उच्चारण स्थान की परिभाषा लिखिए।
3. निम्नलिखित वर्णों के उच्चारण स्थान लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| 1. व | 4. क् | 7. स् |
| 2. प् | 5. उ | 8. ओ |
| 3. ल् | 6. म् | 9. च् |

4. वर्णों के उच्चारण स्थान पर एक चार्ट तैयार करें।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner